प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

नवरात्र

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन आज माँ दुर्गा के दूसरे स्वरूप ब्रहमचारिणी की पूजा अर्चना की जा रही है। इन की उपासना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। नवरात्र के लिए सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लग रहा है जो मां के विभिन्न रूपों के समक्ष नतमस्तक हो रहे हैं। कांगड़ा, ऊना और बिलासपुर ज़िलों में स्थित शक्तिपीठों चामुण्डा देवी, बज्रेश्वरी देवी, ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी और श्री नयना देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

ईद–उल–फितर

इस बीच ईद–उल–फितर का त्योहार आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ईद को रमजान के महीने की समाप्ति का प्रतीक भी माना जाता है। इस मौक़े पर आज ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अता की जा रही है।

मंजूरी

केन्द्र सरकार ने 75 करोड़ रुपए की हरोली विधानसभा की बीत क्षेत्र सिंचाई योजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। ऊना में पत्रकारों से बातचीत में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इस योजना के तहत 90 प्रतिशत वित्तीय सहयोग केंद्र सरकार और 10 प्रतिशत राज्य सरकार की ओर से प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरोली क्षेत्र के किसानों के लिए ये एक बड़ी सौगात है और इसके अंतर्गत 12 जल संग्रहण टैंक बनाकर खेतों में पानी पहुंचाया जाएगा।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दवाईयों के सैंपल फेल होने को जनता से खिलवाड़ बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को इस पर और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सशक्त नीति व सख्त मापदंडों के साथ दवा उत्पादकों से दवा उत्पादन करवाना चाहिए।

विनय कुमार

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने सिरमौर जिला के नारग में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय मां नगर कोटी मेले का कल शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह मेला दशकों से मनाया जाता हैं जो देव परम्परा से जुड़ा होने के अलावा आपसी भाईचारा, खेलकूद व सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है।

इस बीच पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कांगड़ा जिला के सल्याणा में आयोजित राज्य स्तरीय छिंज मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि मेले समाज की एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं।

मांग

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिक्षा संघ ने एक बार फिर शिक्षकों की सेवानिवृति आयु 60 से बढ़ाकर 65 वर्ष करने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष एम.एस. ठाकुर के अनुसार यू.जी.सी. के दिशा–निर्देशों के मुताबिक अन्य विश्वविद्यालय के आधार पर शिक्षकों की सेवानिवृति आयु को बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने भर्ती और पदोन्नति के लिए यू.जी.सी के दिशा–निर्देशों को लागू किया है, जबकि सेवानिवृति आयु की नीतियां अभी भी प्रदेश सरकार के नियमों के तहत चल रही है।

नशा–अभियान

प्रदेश के स्कूलों में विद्यार्थियों को नशे से शरीर को होने वाले नुकसान की जानकारी दी जाएगी। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार स्कूलों के संबंधित थाना प्रभारी स्कूल जाकर विद्यार्थियों को नशे से बचाव की जानकारी देंगे। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने नशा माफिया के खिलाफ सख्त कानून बनाने के लिए संशोधित विधेयक को मंजूरी दी है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के लगभग सभी भागों में आज मौसम साफ है। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों में मौसम के शुष्क रहने का अनुमान लगाया है। विभाग के अनुसार तीन अप्रैल को उच्च पर्वतीय क्षेत्रों हल्की बारिश व बर्फबारी हो सकती है।